दैनिक जागरण 19/08/2026

# केवीके में फसलों का प्रदर्शन समय पर सुनिश्चित करें : कुलपति



कृषि विज्ञान केंद्र में क्राप कैफेटेरिया की जानकारी लेते सीएसए कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डा. संजीव कुमार गुप्ता (बाएं से दूसरे) ●स्वयं

**जागरण संवाददाता, इटावा:** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर के कुलपति डाक्टर संजीव कुमार गुप्ता ने मंगलवार को कृषि विज्ञान केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र से संचालित परियोजनाओं और किसानों के हित में चलाए जा रहे कार्यक्रमों की प्रगति समीक्षा की। उन्होंने विज्ञानियों को निर्देश दिए कि किसानों के हित में संचालित सभी प्रशिक्षण, फसलों के प्रदर्शन और ट्रायल निर्धारित समय पर सुनिश्चित करें।

कुलपति ने प्राकृतिक खेती, फसल अवशेष प्रबंधन, एफओएम, सीएफएलडी दलहन एवं तिलहन तथा स्वच्छता संबंधी कार्यों की जानकारी ली। इसके साथ ही केंद्र पर स्थापित नाडेप कंपोस्ट, एजोला, क्राप कैफेटेरिया, वर्मी कंपोस्ट और औषधि वाटिका जैसी प्रदर्शन इकाइयों का निरीक्षण किया। कुलपति ने केंद्र के प्रक्षेत्र में बोई गई हरी खाद की फसल ढैंचा तथा बीज उत्पादन के लिए बोई गई अरहर की फसल की प्रगति देखी। इस दौरान केंद्र प्रभारी डाक्टर एमके सिंह, डाक्टर वीबी जायसवाल, डाक्टर पुष्पा देवी, डाक्टर कमलकांत, सुनीता मिश्रा, राम प्रसाद, प्रवीण कुमार, हरेंद्र कुमार, रामवीर सिंह रहे।